## एक नजर में

### पानी बचाना और संरक्षण वर्तमान की आवश्यकता



**शुजालपुर ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में विद्यार्थियों में जल संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से निबंध, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल प्रदूषण एवं जल बचाने के उपायों पर अपने विचार प्रस्तुत किए ।निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जल संरक्षण की आवश्यकता एवं उसके महत्व पर आधारित लेख प्रस्तुत किए ।वहीं वाद-विवाद प्रतियोगिता में जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता विषय पर पक्ष एवं विपक्ष में प्रभावशाली तर्क रखे गए ।भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जल बचाने, पर्यावरण संरक्षण तथा जन-जागरूकता की आवश्यकता पर प्रेरक उद्बोधन दिए ।इस अवसर पर उपस्थित प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए दैनिक जीवन में जल के सदुपयोग के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया ।

### समाज उत्थान के लिए करेंगी कार्य



**शुजालपुर ।** विजयवर्गीय समाज महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन अध्यक्ष पिंकी पवन विजयवर्गीय की अध्यक्षता में उनके निवास पर संपन्न हुआ ।बैठक में कार्यों के सुचारू संचालन के लिए पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। मार्गदर्शक मंडल में लीला जुगल किशोर विजयवर्गीय, शकुंतला विष्णु प्रसाद विजयवर्गीय, संतोष सत्यनारायण विजयवर्गीय, ब्रजलता शिवनारायण विजयवर्गीय ,चंदा जगदीश विजयवर्गीय, प्रतिभा कृष्णकुमार विजयवर्गीय,ममता योगेश विजयवर्गीय, रेखा रमेशचंद्र विजयवर्गीय कालापीपल, रेखा राधेश्याम विजयवर्गीय पोलायकला, मंजू आनंद विजयवर्गीय, शारदा राधेश्याम विजयवर्गीय, सीमा सत्यनारायण विजयवर्गीय,अनुसूया राजेंद्र विजयवर्गीय एवं कुसुम विनोद विजयवर्गीय को शामिल किया गया। नई कार्यकारिणी में शिखा दीपक विजयवर्गीय एवं सोनिका प्रियंक विजयवर्गीय को उपाध्यक्ष, रितु मनोज विजयवर्गीय को सचिव, कोमल अनिल विजयवर्गीय को सहसचिव तथा लता बृजेंद्र विजयवर्गीय को कोषाध्यक्ष बनाया गया ।वहीं रितु नवनीत विजयवर्गीय, श्वेता आनंद विजयवर्गीय एवं अदिति प्रफुल्ल विजयवर्गीय को क्रीड़ा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। सांस्कृतिक प्रभारी के रूप में पायल गौरव विजयवर्गीय एवं शुभी अभिषेक विजयवर्गीय को नियुक्त किया गया। प्रचार मंत्री के पद पर शशि अशोक विजयवर्गीय, सपना संजय विजयवर्गीय एवं गरिमा महेंद्र विजयवर्गीय को दायित्व दिया गया। वहीं परामर्श मंत्री के रूप में कृष्णा लघु विजयवर्गीय, अनीता दिनेश विजयवर्गीय, मनोरमा महेश विजयवर्गीय, लता प्रकाश विजयवर्गीय एवं बृज दिनेश विजयवर्गीय को शामिल किया गया। कार्यकारिणी गठन पर समाज के वरिष्ठजनों ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि आगामी दो वर्षों में समिति महिलाओं के उत्थान एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएगी। आभार अध्यक्ष पिंकी पवन विजयवर्गीय ने माना।

### लोकमाता अहिल्याबाई जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक



**शुजालपुर ।** धनगर युवा महासभा के तत्वावधान में पुण्य लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी समापन वर्ष के उपलक्ष्य में जटाशंकर मंदिर परिसर में समाज की वृहद जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा कर अपने सुझाव रखे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती 31 मई को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इसके साथ ही समाज के सक्रिय सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपकर आयोजन की रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रम में समाज में नशा मुक्ति अभियान चलाने एवं युवाओं को सामाजिक जागरूकता से जोड़ने का भी संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने समाज में शिक्षा, संगठन और सामाजिक एकता को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य रूप से हरिसिंह धनगर, महेन्द्र सिंह धनगर, कुमेर सिंह धनगर, धनसिंह धनगर, हुकुम सिंह धनगर खेजड़िया, रामसिंह धनगर, मानसिंह धनगर, पवन पार्षद, हुकुम सिंह, राजकुमार, हेमंत कुमार, मोहनलाल धनगर, दीपसिंह धनगर, सतीश धनगर एवं सवाई सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### बच्चों ने मदर-डे पर माताओं के लिए सुंदर शुभकामना कार्ड और संदेश प्रस्तुत किए



**शुजालपुर ।** नेकी की दीवार मिर्ची बाजार पर रविवार को विभिन्न विशेष अवसरों के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर मदर्स डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा अपनी माताओं के लिए सुंदर शुभकामना कार्ड एवं संदेश प्रस्तुत करने से हुई। बच्चों ने तू इतनी अच्छी है... पेश कर सभी का मन मोह लिया। शाजापुर के समाजसेवी स्व. प्रो. निर्मलजीत सिंह मग्गो की स्मृति में उनके सुपुत्र गुरमीत सिंह मग्गो द्वारा नि: शुल्क कोचिंग के बच्चों को गर्मी से राहत देने के लिए शुद्ध एवं पौष्टिक खरबूजे का पना वितरित किया गया ।वहीं अलीराजपुर की युवा समाजसेवी सुरभि सपन जैन एवं नागपुर की सुनिधि श्रेयांश जैन की प्रथम वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वरिष्ठ समाजसेवी प्रभा विनोद जैन द्वारा बच्चों को चॉकलेट वितरित की गई। कार्यक्रम में ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल, राजकुमारी अग्रवाल, तेजकिरण जैन एवं परमजीत कौर खालसा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अप्रैल में जिले में नरवाई जलाने के 187 से ज्यादा मामले

## सीआरईएएमएम पोर्टल पर प्रतिदिन के आंकड़े हो रहे अपडेट



**शाजापुर। नरवाई जलाना प्रतिबंधित है, इससे भूमि की उर्वरा क्षमता प्रभावित होती है।भूमि के कार्बनिक पदार्थों को भी नुकसान होता है जो मिट्टी की संरचना के लिए आवश्यक है।नरवाई जलाने से आसपास के खेतों में भी आग लग जाती है, जिससे खासा नुकसान होता है।यदि नरवाई जलाई तो कार्रवाई होगी।ऐसे में नरवाई जलाने की घटनाओं में इस बार खासी कमी आई है।हालांकि अभी भी जिले में लगातार नरवाई जालने की घटनाएं हो रही है, अप्रैल माह में ही अभी तक के सेटेलाइट इमेज से कलेक्ट किए गए आंकड़ों पर नजर डाले तो 1 से 30 अप्रैल तक जिले में 187 से ज्याद नरवाई जलाने की घटनाएं हो चुकी है, वैसे तो ये आंकड़ें भी ज्यादा है, लेकिन गत वर्ष की स्थिति को देखें तो इस बार नरवाई जलाने की घटनाएं विगत 5 वर्ष में पहली बार सबसे कम हुई है।हालांकि अभी भी जिले में नरवाई जलाइ जा रही है.**

कुछ दिनों पहले भी रात्रि को कृषि उपज मंडी के पीछे दूर खेतों में नरवाई जलती रही, इस दौरान आग की लपटें दूर से दिखाई दे रही थी ।खेत में से तेज लपटें उठती देख लगा कि मानों फसलों को नुकसान हो गया होगा, लेकिन बाद में पता चला कि ये तो नरवाई जलाई जा रही है। इस तरह की घटनाएं नगर के आसपास के क्षेत्रों में लगातार नजर आ रही है ।प्रशासन द्वारा इस तरह नरवाई जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है ।जिसका परिणाम भी दिख रहा हैए लेकिन अभी भी नरवाई जलाने की घटनाएं पूरी तरह नियंत्रित नहीं हुई है.

### नरवाई प्रबंधन और जागरूकता से आई कमी

उपसंचालक कृषि आरएल जामरे ने बताया कि इस बार नरवाई जलाने की घटनाओं में कमी का मुख्य कारण नरवाई प्रबंधन के लिए किसानों को समझाइश एवं लगातार जागरुकता है ।किसान भी समझ रहे है कि नरवाई जलाने से कितना नुकसान होता है ।हालांकि सभी किसानों के पास इतने संसाधन या मशीनें नहीं है जो नरवाई को समाप्त कर सके, ऐसे में किसान के पास यदि मशीनें नहीं है तो उसे किराए पर ले सकता है ।उन्होंने बताया कि किसान हार्वेस्टर से फसल कटाई के बाद रोटावेटर चलाते हैं, जिससे नरवाई समाप्त नहीं होती है ।यदि किसान हार्वेस्टर से कटाई के बाद प्लाऊ चलाएं और फिर कल्टीवेटर चलाएं तो नरवाई की समस्या कम हो जाती है, उन्होंने यह भी कहा कि नरवाई जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### अप्रैल माह में विगत पांच वर्ष में इस बार सबसे कम घटनाएं

अंतरिक्ष से कृषि पारिस्थितिकी तंत्र की निगरानी और मॉडलिंग पर अनुसंधान के लिए कंसोर्टियम पोर्टल पर सेटेलाइट इमेज के आधार पर प्रतिदिन की नरवाई जलाने की घटनाओं की निगरानी हो रही है, इसके प्रतिदिन जारी बुलेटिन में प्रतिदिन की नरवाई जलाने की घटनाएं जो सेटेलाइट के माध्यम से केप्चर की गई है उनकी संख्या को दर्शाया जाता हैं। 1 से 26 अप्रैल 2026 की स्थिति में उक्त पोर्टल पर शाजापुर जिले में नरवाई जलाने की कुल 187 घटनाएं दर्शाई गई है ।यह संख्या विगत 5 वर्ष में अप्रैल माह के आंकड़ों के मुकाबले सबसे कम है, वैसे तो ये स्थिति अच्छी है, लेकिन इस तरह की घटनाओं पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाना अनिवार्य है।

**जिले में नरवाई जलाने की घटनाएं...**

| | |
|---|---|
| 30 अप्रैल 2022 | 282 |
| 30 अप्रैल 2023 | 491 |
| 30 अप्रैल 2024 | 198 |
| 30 अप्रैल 2025 | 953 |
| 30 अप्रैल 2026 | 187 |

(स्रोत- सीआरइएएमएम पोर्टल )

### जागरूक किया जा रहा, कार्रवाई भी हो रही, इससे दिख रहा सुधार...

इस वर्ष जिलेभर में नरवाई जलाने से रोकने के लिए नरवाई जलाने वालों पर एफआइआर की जाने के निर्देश जारी किए गए है ।लोगों को नरवाई नहीं जलाने के लिए लगातार जागरुक भी किया जा रहा है ।ऐसे में विगत 5 वर्ष में इस बार सबसे कम आंकड़े सामने आए है ।अधिकारियों का दावा है कि इस बार लोगों में जागरुकता बहुत आई है और सभी को समझ आ रहा है कि नरवाई जलाने से कितना नुकसान होता है, जिससे इस तरह की घटनाओं में कमी आई है ।इस बार कई किसानों ने हाथ से फसल कटाई करवाई ह।

# स्कूल में चलाया कॉलेज चलो अभियान

## उच्च शिक्षा के अवसरों से अवगत कराया




**शुजालपुर। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीबीए एवं वाणिज्य विभाग के शिक्षकों ने कॉलेज चलो अभियान के तहत रेडरोज हाइयर सेकेंडरी स्कूल का दौरा किया।**

इस अभियान का उद्देश्य स्कूली छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के अवसरों से अवगत कराना था। डॉ। मुकेश सिंह मेवाड़ा प्रवेश नोडल अधिकारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य हर छात्र कॉलेज तक पहुंचना है जिससे वह उच्च शिक्षा में नये आयाम स्थापित कर सके। डॉ। सुनील कुमार मित्तल ने विभिन्न प्रकार की सॉफ्टवेयर संबंधित गतिविधियों के बारे में टीम को अवगत कराया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.राजेश कुमार शर्मा के अनुसार शुजालपुर के आसपास समस्त हायर सेकेंडरी स्कूलों में यह अभियान चलाया जाएगा। महाविद्यालय से डॉ। सुरभी गुप्ता, डॉ। अकबर अली एवं अजय सांखला उपस्थित रहे।उन्होंने स्कूल के डायरेक्टर आशीष गुप्ता, वाइस प्रिंसिपल दीपेश उपाध्याय अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थीयों के साथ विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। शिक्षकों ने महाविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए ऑनलाइन समय-सारिणी, दस्तावेज सत्यापन एवं अन्य जानकारियों के लिए पेम्प्लेट्स व जानकारी पत्र वितरित किए। वाणिज्य, कला, विज्ञान एवं विधि संकायों के अंतर्गत संचालित विभिन्न कोर्स, ट्रेनिंग एवं व्यावसायिक विषयों की जानकारी साझा की गई। शासनाधीन छात्रवृत्तियों, एनसीसी एवं एनएसएस इकाइयों के बारे में बताया गया। कौशल विकास कोर्सेज जैसे व्यक्तित्व विकास, विक्रय कौशल, महिलाओं के लिए आत्मरक्षा के लिए कराटे क्लासेज एवं अन्य प्रमाणपत्र कोर्सेज पर जोर दिया, साथ ही खेल प्रांगण, पुस्तकालय, ई-लाइब्रेरी, स्वयं पोर्टल एवं मूक कोर्सेज जैसी सुविधाओं से छात्रों को परिचित कराया, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक हैं।

# बोरवेल मशीन में शॉर्ट-सर्किट से आग

## नया अकोदिया में किसान के खेत पर होल करने के दौरान हुई घटना



**मोहन बड़ोदिया । मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत करजू गांव के पास स्थित नया अकोदिया गांव में शनिवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक किसान के खेत पर बोरवेल से कुएं में आड़ा होल की खुदाई के दौरान अचानक मशीन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी मशीन को अपनी चपेट में ले लिया और मशीन धूं-धूं कर जलने लगी।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान के खेत पर कुएं में आड़ा बोरवेल लगाने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान मशीन में तकनीकी खराबी और शॉर्ट सर्किट के कारण आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैली कि बोरवेल मशीन पूरी तरह जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि यह मशीन मंदसौर जिले के मिट्ठू सिंह की थी, जिसे मौके पर बोरवेल कार्य के लिए लगाया गया था। घटना की सूचना मिलते ही मोहन बड़ोदिया थाने से डायल 112 से पायलेट विजय गवली और मनोहर सिंह मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके उपरांत फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक मशीन पूरी तरह जल चुकी थी। मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी अरविंद तोमर ने बताया कि फिलहाल मामले में थाने पर कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण कार्य का निरीक्षण

## अधिकारियों ने घर-घर पहुंचकर सर्वे कार्य की जांच की, दिए आवश्यक निर्देश

**आगर-मालवा । जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत चल रहे मकान सूचीकरण कार्य का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घर-घर जाकर किए जा रहे सर्वे कार्य की बारीकी से जांच की गई तथा प्रगणकों को कार्य समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।**

निरीक्षण दल में सहायक जिला जनगणना अधिकारी दिनेश कुम्भकार, चार्ज अधिकारी कुशलसिंह डोडवे, जिला मास्टर ट्रेनर पुष्पेंद्र गौड़, फील्ड ट्रेनर शरद बंसिया एवं स्वच्छता निरीक्षक बसंत डुलगज उपस्थित रहे। वहीं प्रगणक के रूप में दीपक शर्मा, नगेन्द्र पटेल एवं हेमन्त शर्मा द्वारा क्षेत्र में मकान सूचीकरण का कार्य किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना 2027 देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से जनसंख्या, आवास एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित सटीक जानकारी संकलित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान मकान सूचीकरण कार्य संतोषजनक पाया गया।

# जल संरक्षण का संदेश देने के लिए निकाली जल कलश यात्रा

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोयतकलां में हुआ आयोजन




**सोयतकलां। प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रविवार को विकासखंड सुसनेर के सोयत नगर में जल संरक्षण का संदेश देने हेतु एक विशाल जल कलश यात्रा और जनसभा का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्रवासियों को जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के प्रति जागरूक किया गया।**

अभियान की शुरुआत स्थानीय बावड़ी चौक से हुई। जहां बड़ी संख्या में मातृशक्ति कलश धारण कर यात्रा में सम्मिलित हुईं। यह यात्रा सोयत के प्रमुख सुसनेर मार्ग और झालावाड़ मार्ग से होते हुए माधव चौक स्थित अटल उद्यान पहुंची। यात्रा के दौरान जल है तो कल है के नारों से पूरा नगर गुंजायमान रहा। अटल उद्यान में आयोजित सभा में विकासखंड समन्वयक सत्यनारायण सोनी ने उपस्थित जनसमुदाय को जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पारंपरिक जल स्त्रोतों को सहेजकर हम भविष्य के जल संकट से बच सकते हैं।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश राठौर ने किया। इस अवसर पर परामर्शदाता कैलाश नारायण विश्वकर्मा एवं कमलकांत मोदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में महिलाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जल संरक्षण की शपथ ली।

## एक नजर में

### कांजी हाउस में गायों के लिए लगाया फॉगर सिस्टम, भीषण गर्मी से बचाने गौ रक्षकों ने जुटाई व्यवस्था

# भीषण गर्मी में घायल-बेसहारा मवेशियों को गौरक्षा सेना ने दी संजीवनी

**शाजापुर । भीषण गर्मी से हर कोई हलाकन है, इंसान तो फिर भी बोलकर अपनी समस्या बताकर उससे राहत पा सकते हैं, लेकिन बेजुबान अपनी समस्या किसी से कह भी नहीं सकते। ऐसे बेजुबानों की तकलीफ को समझते हुए नगर की गौरक्षा सेना ने भीषण गर्मी में फॉगर सिस्टम लगाया है ताकि इन मवेशियों को भी गर्मी से राहत मिल सके।**

गौरक्षा सेना गौसेवा समिति ने शहर के लालपुरा स्थित गौ उपचार केंद्र कांजी हाउस में फॉगर सिस्टम लगाया है। इसका उद्देश्य घायल, बीमार गौमाता, गोवंश और नंदी महाराज को अत्यधिक तापमान से बचाना है। गौ सेवक धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि जिले में इन दिनों अधिकतम तापमान 44 डिग्री से भी ज्यादा बना हुआ है। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। खुले और टीनशेड वाले स्थानों पर रह रहे गोवंश को इस गर्मी से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसे देखते हुए हमने तय किया कि फॉगर सिस्टम लगाया जाए और सभी ने मिलकर व्यवस्था जुटाई जिससे मवेशियों को राहत मिल रही है।

### पानी की फुहारें नियंत्रित करेंगी तापमान...

कांजी हाउस परिसर में यह आधुनिक फॉगर सिस्टम लगाया गया है . इससे निकलने वाली महीन पानी की फुहारें वातावरण का तापमान नियंत्रित करेंगी और पशुओं को ठंडक प्रदान करेंगी . समिति के सदस्यों ने जानकारी दी कि फॉगर सिस्टम से घायल और बीमार गोवंश को राहत मिलेगी, जिससे उनके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा . गर्मी के मौसम में पशुओं के लिए पानी, चारे और इलाज की विशेष व्यवस्था भी की जा रही है .

### जारी है सेवा कार्य

गौरक्षा सेना द्वारा बीमार मवेशियों की सेवा ही नहीं बल्कि मुसीबत में फंसे मवेशियों की भी सहायता की जाती है। रविवार सुबह भी गोरक्षा सेना के सदस्यों ने गंदे पानी के टैंक में फंसे एक मवेशी की जान बचाई। यह घटना कौटिल्य स्कूल के पीछे विनायक कोल्ड स्टोर के पास की है, जहां एक गाय गहरे टैंक में गिर गई थी ।गोवंश के टैंक में गिरने की खबर गोरक्षा सेना बरवाल टीम को सुबह करीब 8 बजे मिली, जब टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि टैंक पूरी तरह बदबूदार और गंदे पानी से भरा हुआ था। गोवंश उसमें बुरी तरह फंसा हुआ था और खुद बाहर निकलने में पूरी तरह असमर्थ था। स्थिति को देखते हुए टीम के सदस्यों ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किय और युवाओं ने रस्सियों की मदद से गोवंश को बांधा। काफी देर तक चली कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गोवंश को सुरक्षित बचाने पर वहां मौजूद लोगों ने गोरक्षा सेना की बरवाल टीम के जज्बे की तारीफ की। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में अर्जुन राजपूत, राजपाल राजपूत, कुलदीप, विशाल, युवराज और बबलू सहित टीम के अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# प्लेटफार्म से टकराया यात्री का पैर

**शाजापुर ।** सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात दौड़ एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक युवक का पैर प्लेटफार्म से टकरा गया,हादसे में युवक घायल हो गया जिससे पैर फ्रैक्चर हो गया। बताया जाता है कि ग्वालियर निवासी गोलू दौड़ एक्सप्रेस से अहमदाबाद जा रहा था। वह अहमदाबाद में पेंटिंग का काम करता है। यात्रा के दौरान गर्मी लगने पर वह ट्रेन के गेट के पास बैठा था। जैसे ही ट्रेन सारंगपुर प्लेटफार्म के पास पहुंची युवक का पैर प्लेटफार्म से टकरा गया ।हादसे में उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया। घटना के दौरान वह ट्रेन से नीचे गिरने वाला था, लेकिन यात्रियों ने उसे पकड़कर अंदर खींच लिया ।घायल युवक को शाजापुर रेलवे स्टेशन से 108 एंबुलेंस के जरिए शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया।